# राजस्व प्रकरणों के निपटारे में देरी बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

## समय–सीमा में पारदर्शी निराकरण किए जाने के दिए निर्देश, बारिश पूर्व तैयारियां रखने की कही बात

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता नागरिकों को सरल, सुगम और पारदर्शी तरीके से राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। राजस्व विभाग सीधे तौर पर किसानों, ग्रामीणों और आम नागरिकों से जुड़ा है, इसलिए इसके प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। यह निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए।




बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और भू-अभिलेख सुधार जैसे मामलों को अनावश्यक रूप से न अटकाया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से न्यायालय लगाएं ताकि लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निपटारा हो सके। वहीं सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों को लेकर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ उनके त्वरित बंदोबस्त के निर्देश दिए। इसके अलावा समीक्षा बैठक में भू-अभिलेखों के दुरुस्तीकरण, डिजिटल रिकॉर्ड संधारण, जनसुनवाई के आवेदनों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त समय-सीमा के प्रकरणों, लघु सिंचाई गणना तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डीएन सिंह सहित जिले के एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की दो टूक

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि राजस्व मामले सीधे जनता के हितों को प्रभावित करते हैं। सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार संवेदनशीलता एवं पूर्ण जवाबदेही के साथ फील्ड में कार्य करें। वहीं आगामी दिनों में होने वाली भारी बारिश को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के गांवों का निरंतर भ्रमण करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं तथा बाढ़ प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं।




# स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर हो रही मनमानी, सौंपा ज्ञापन

**बिजली उपभोक्ता एसोसियेशन का आरोप**

**नियमों को ताक पर रखकर हो रही जबर्दस्ती**

नवभारत न्यूज


**अशोकनगर।** जिले में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर बिजली कंपनी की तानाशाही और उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता का मामला गरमा गया है। मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन ने उपभोक्ताओं के साथ हो रही मारपीट और जबरन मीटर थोपे जाने के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के जिला प्रभारी सावन बैरागी ने बताया कि शुक्रवार को शहर की विनीत टॉकीज वाली गली में नागरिक स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर रहे थे। इसी दौरान प्रतिष्ठित रिटायर्ड शिक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा शांतिपूर्ण विरोध जताने पर बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने उनके साथ अमर्यादित व्यवहार और मारपीट की। बैरागी ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का संवैधानिक अधिकार है और ऐसी हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### क्या कहता है कानून:

जिला प्रभारी ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के लोकसभा में दिए बयान का हवाला देते हुए कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है। बिजली कानून 2003 की धारा 47(5), 55(1), और 56(1) के तहत उपभोक्ता की अनुमति के बिना स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जा सकते। वहीं एसोसिएशन की मांग की है शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले दोषी कर्मचारियों पर तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। किसी भी उपभोक्ता की मर्जी के बिना उनके घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगे। इसके अलावा भविष्य में मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं को धमकी, जबरदस्ती या मारपीट जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## एक नजर में

### पं. लखन राजौरिया एडवोकेट जिला स्थायी निर्माण समिति में सदस्य नियुक्त



**अशोकनगर।** जिला शिक्षा केंद्र (DPC) द्वारा पं. लखन राजौरिया एडवोकेट को जिला स्थायी निर्माण समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री राजौरिया की यह नियुक्ति केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अनुशंसा, जिला प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी की सहमति से की गई है। इस नई जिम्मेदारी के तहत श्री राजौरिया अब जिले के शासकीय स्कूलों में होने वाले विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों पर पैनी नजर रखेंगे और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। पं. लखन राजौरिया की इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति से जिले के सर्व समाज और राजनैतिक गलियारों में हर्ष व्याप्त है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। जिनमें विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह संधू, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी और लड्डूराम कोरीख नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानौरिया सहित पार्षद महेन्द्र भारद्वाज एवं राजकुमार नगेश्री आदि शामिल है।

### शहर के 5 फीडर पर तीन घंटे बिजली कटौती, दर्जनों मोहल्ले रहेंगे प्रभावित

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आवश्यक रखरखाव मेंटेनेंस कार्य के चलते शहर के बड़े हिस्से में बिजली कटौती की घोषणा की गई है। कंपनी के सहायक प्रबंधक शहर ने प्रेस नोट जारी सूचना दी है कि 5 जुलाई रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33/11 केव्ही अशोकनगर शहर उपकेंद्र से जुड़े 11 केव्ही के विभिन्न फीडरों पर विद्युत प्रदाय पूरी तरह बंद रहेगा। इस मेंटेनेंस कार्य के कारण शहर के कई प्रमुख सरकारी कार्यालय, अस्पताल और आवासीय क्षेत्र प्रभावित होंगे। जिनमें मुख्य रूप से विदिशा रोड, परासर मोहल्ला, लंबरदार मोहल्ला, गणेश कॉलोनी, अंबेडकर मोहल्ला, डॉ. कयाल नर्सिंग होम, खालसा कॉलोनी, शिवपुरी स्कूल, चुंगी नाका, सेन चौराहा, आजाद मोहल्ला, गांधी पार्क, गुरुद्वारा, रेलवे स्टेशन, इंदिरा पार्क, सुराना चौराहा , इमाम चौकी, ऊर्जा कॉलोनी, बसंत बिहार कॉलोनी, एल.के.टी. अस्पताल, पुलिस कंट्रोल रूम, तायड़े कॉलोनी, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, राजमाता चौराहा, ईसागढ़ रोड, गुना रोड आदि और जिला चिकित्सालय, कलेक्ट्रेड कार्यालय, कोर्ट परिसर, कलेक्टर आवास सहित अन्य मोहल्ले है। वहीं बिजली कंपनी ने स्पष्ट किया है कि कार्य की आवश्यकतानुसार विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

### चंदेरी में ऑनलाइन ठगी: युवक के खाते से 17 बार में उड़ाए 42484, मामला दर्ज

**अशोकनगर।** चंदेरी के रामनगर में ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, रामनगर निवासी 22 वर्षीय अभिजीत अहिरवार के साथ एक अज्ञात आरोपी ने साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। शातिर ठग ने चालाकी से फरियादी के बैंक खाते में सेंध लगाकर बैक-टू-बैक कुल 17 बार ट्रांजैक्शन किए और खाते से 42,484 की राशि पार कर दी। पीड़ित की शिकायत पर चंदेरी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और 66 आईटी एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 377/26 दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस साइबर सेल की मदद से मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# बिजली कटौती से किसान परेशान, धान की खेती हो रही प्रभावित, व्यवस्था सुधारने सौंपा ज्ञापन

## ग्रामीणों ने दी चेतावनी, विद्युत व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार तो किया जाएगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** धान की रोपाई और सिंचाई के इस सबसे महत्वपूर्ण सीजन में बिजली संकट गहराने से जिले के किसानों का आक्रोश फूट पड़ा है। आंवरी फीडर से जुड़े ग्राम पिपनावदा, सिरसी और खडीचरा के किसानों ने बिजली आपूर्ति में लगातार हो रही कटौती के विरोध में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को बड़ी संख्या में किसानों ने विदिशा रोड स्थित पावर हाउस पहुंचकर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान किसानों का सीधा आरोप है कि पिछले करीब 15 दिनों से पंप लाइन पर मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार बिजली बंद की जा रही है। नियमानुसार कृषि कार्यों के लिए प्रतिदिन 10 घंटे बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन उन्हें केवल 3 से 4 घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। इस अघोषित कटौती के कारण जिन खेतों में धान की पौध (नर्सरी) लगी हुई है, उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। बार-बार ट्रिपिंग और बिजली बंद होने से खेतों में लगे पंप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ फसल सूखने का डर सता रहा है। ज्ञापन में किसानों मांग की गई है कि मेंटेनेंस के कारण जितनी देर बिजली आपूर्ति बाधित होती है, उसकी भरपाई करते हुए किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे नियमित और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए।




### व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे आंदोलन

ग्रामवासी चरणजीत सिंह ने बताया कि आंवरी फीडर क्षेत्र के किसानों ने अपनी इस गंभीर समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत करा दिया है। हालांकि अधिकारियों ने बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार का आश्वासन दिया है, लेकिन किसान अब आर-पार के मूड में हैं। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वे कई दिनों से इस संकट को झेल रहे हैं, लेकिन अब उनका धैर्य जवाब दे रहा है। यदि जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधरी और नियमानुसार 10 घंटे बिजली नहीं मिली, तो सोमवार को पिपनावदा, सिरसी और खडीचरा सहित आसपास के ग्रामीण चक्का जाम कर आंदोलन करेंगे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि आंदोलन की नौबत आती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत वितरण कंपनी की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान तीनों गांवों के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विद्यालयों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई

**अशोकनगर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए संचालित अशासकीय विद्यालयों की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण संबंधी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराई जाए। राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निर्देशानुसार जिन अशासकीय विद्यालयों ने अब तक ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, उन्हें विलंब शुल्क सहित 10 जुलाई तक आवेदन लॉक करने का अंतिम अवसर दिया गया है। जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा ने सभी बीआरसीसी को निर्देशित किया है कि वे अपने विकासखंड के संबंधित विद्यालयों से प्रतिदिन प्रगति की जानकारी प्राप्त कर समय-सीमा के भीतर सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

# भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण लेना जरूरी : मंडल अध्यक्ष

**पछार मंडल की मासिक कामकाजी बैठक संपन्न**

**बैठक में बोले सनत शर्मा**

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल लर्निंग एप का प्रशिक्षण लेना जरूरी है,इसके माध्यम से पार्टी की गतिविधियों की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है,एवं नेतृत्व से जुड़ने का भी माध्यम है। यह बात बीजेपी पछार मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा ने शनिवार को स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में मंडल की मासिक कामकाजी बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बूथ के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को इसका परीक्षण लेना चाहिए।



उन्होंने डिजिटल लर्निंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 6 जुलाई को जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं को भाग लेना है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह संधू, पूर्व जिला महामंत्री नंदलाल यादव,जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशीमीडिया प्रभारी डॉ हरवीर रघुवंशी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लखन यादव जिला महामंत्री शीला जाटव, सविता कुशवाह डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ संजय श्रीवास्तव, शिवराम यादव पथरिया, नरेश देवलिया कपिल शर्मा, ईशू राय परमाल बैरागी सहित पछार मंडल के सभी जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में सेपक टेपरा की प्रतियोगिता आयोजित

**पहली बार हुआ राज्य स्तरीय आयोजन**

**राष्ट्रीय स्तर पर चयन का मिला मौका**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर पहली बार 12वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर सेपक टकरा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 3 से 5 जुलाई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की मेजबानी शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (टोरिया) कर रहा है। जिला सेपक टकरा संघ के सचिव प्रियम जैन ने बताया कि इस राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में प्रदेश के लगभग 20 जिलों के 300 बालक एवं बालिका खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार जैन, सेपक टकरा संघ की जिला उपाध्यक्ष व श्री राम संगीत एवं कला महाविद्यालय की संचालक रुबी गुप्ता (रिंकल सेठ), भाजपा जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सेपक टकरा संघ के महासचिव प्रदीप केसरवानी एवं सह सचिव व अंतर्राष्ट्रीय रेफरी आशीष मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर त्रिपाठी एवं भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कार्तिक शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।




### राष्ट्रीय स्तर पर चयन का सुनहरा मौका

मध्य प्रदेश सेपक टकरा संघ के सह सचिव आशीष मिश्रा ने बताया कि यह खेल फुटबॉल और वॉलीबॉल का एक अनूठा मिश्रण है, जिसे पैरों, सिर और शरीर के अन्य अंगों से खेला जाता है। यह खेल सशस्त्र पुलिस विभाग, खेलो इंडिया, नेशनल गेम्स, और यूनिवर्सिटी गेम्स जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं का हिस्सा है। जिला कोषाध्यक्ष अनि जैन ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय सेपक टकरा प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

**जागरुकता** | **सेफ क्लिक 2.0 के तहत पुलिस द्वारा जिलेभर के स्कूलों में चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान**

# साइबर ठगी से बचने के लिए छात्रों और युवाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में प्रदेशभर में चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस मुस्तैदी से जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिलेभर के शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों, विशेषकर युवाओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के गुर सिखाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में जिले के विभिन्न थानों और साइबर सेल ने भारत माता स्कूल ईसागढ़, सरस्वती विद्यालय चंदेरी, विवेकानंद स्कूल, सतगुण एकेडमी अशोकनगर, पीएम श्री विद्यालय सेहराई, ज्योति ज्ञान मंदिर बहादुरपुर और मुंगावली बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थानों पर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट बांटे और ऑनलाइन ठगी के नए-नए पैंतरों से सावधान किया।




### जागरुकता ही बचाव:

एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने नागरिकों से अपील की है कि वर्तमान में साइबर अपराधी रोज नए तरीके अपना रहे हैं, इसलिए डिजिटल लेन-देन या सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सदैव सतर्क रहें। किसी भी प्रकार के लालच या धमकी में न आएं और संकट की स्थिति में बिना देर किए हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी थाने से संपर्क करें।

### साइबर सुरक्षा के बताए मूल मंत्र:

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ह्ज्ञक्क, बैंक खाता, OTP, PIN या पासवर्ड साझा न करें। वहीं किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और सोशल मीडिया के फर्जी ऑफर्स से दूर रहें। ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# 45 वर्षीय व्यक्ति फांसी के फंदे पर झूला

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा स्थित इंद्रा कॉलोनी में एक दिलदहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। शुक्रवार रात को वह अपने घर के पीछे पिलर के सरियों पर फंदे से लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान राजकुमार उर्फ भल्ली, पुत्र बीरेंद्र सिंह रघुवंशी के रूप में की गई है। वहीं जब देर रात परिजनों ने लटका देखा तो वह अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

जानकारी के अनुसार, परिजनों ने बताया कि राजकुमार ने आत्महत्या के लिए अपने पिता की धोती का इस्तेमाल कर फंदा बनाया था। देर रात जब परिवार के सदस्यों ने उसे फंदे पर लटका देखा, तो कोहराम मच गया। आनन-फानन में उसे फंदे से तत्काल नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं शनिवार सुबह पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। प्रारंभिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।